कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून

पत्रांक 976 /अभि0/नि0सू0/2023-24 दिनांक 28/12 ,2023

ई- निविदा सूचना

एम0डी0डी0ए0 द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मो एवं अन्य राजकीय/अर्धराजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से कुल 01 विकास कार्य हेतु द्वि-निविदा प्रणाली (टू बिड सिस्टम) के अन्तर्गत ई-निविदा वैबसाईट www.uktenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 19.01.2024 को अपरान्त 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत विवरण प्राधिकरण की बैबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है। यदि उक्त निविदा के संबंध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त बैबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून।

कार्यालयः मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।

पत्रांक 976 /अभि0/नि0सू0/2023–24 दिनांक 28/12/2023

ई –निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मो एवं अन्य राजकीय/अर्धराजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निम्न कार्य हेतु द्वि–निविदा प्रणाली (टू बिड सिस्टम) से निविदायें ई–निविदा वैबसाईट www.uktenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 19.01.2024 को अपरान्त 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, नियत तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उक्त कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 20.01.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक अभियन्त्रण अनुभाग में जमा करानी होगी। तदोपरान्त तकनीकी निविदा में सफल ठेकेदारों/फर्मो की वित्तीय ई–निविदा को निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा।

इच्छुक फर्म /ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य हेतु निर्धारित धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता के नाम बन्धक होगी एवं निविदा का शुल्क मय जी0एस0टी0 सहित की धनराशि का पे आर्डर जो सचिव, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के पक्ष में हो, उक्त तिथि एवं समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट व अन्य अभिलेख जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्य शर्ते जी0पी0डब्ल्यू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेंन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी सशोधित शासनादेश संख्या 1197/11(2)/0.7–75 (सामान्य)/11 दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होंगी तथा जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगा। कार्य का विवरण निम्नवत हैः–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) बिना जी0एस0टी0	धरोहर राशि रू0	निविदा मूल्य मय जी0एस0टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता
1	डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, राजपुर में विभिन्न प्रकार के कार्य।	1,21,39,399.00	2,42,800.00	4720.00	03 माह	90 दिन

अन्य नियम एवं शर्ते :–

1– निविदा के साथ मूल रूप में एवं ऑन लाईन निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य हैः–

(क)– निविदा वैधता , सत्यता और शुद्वता, लिटिगेशन, निविदा समिति के निर्णय/नो कलेम व No Dues के संबंध में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 के रसीदी टिकट के साथ नोटराइज्ड हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(ख)– उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 770/iii(2)17-20 (सामान्य)2011 टी0सी0 दिनांक 12.06.2017 के अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से कम दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफोरमेंन्स सिक्योरिटी नियमानुसार जमा करानी होगी।

(ग)– प्राधिकरण को बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,
देहरादून ।

प्रतिलिपिः–

1–सचिव,म0दे0वि0प्राधि0देहरादून ।

2–मुख्य लेखाधिकारी म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून ।

3–अधिशासी अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण, देहरादून।

4–नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।

5–नाजिर म0दे0वि0प्राधि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायेगें ।

6– आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से कि विज्ञप्ति को बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

7–प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।

8–सम्बन्धित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु ।

28/12/23

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।